बिहार सरकार

कार्यालय, निदेशक, लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल, राजवंशीनगर, पटना–800023

NATIONAL HEALTH MISSION

Email id – lnjpnhospital@gmail.com Ph. No. -0612-2280973, M.No.- 9470003586 Website - http://lnjporthohospital.org

ज्ञापांक :– 892 /

आदेश

दिनांक :– 25/4/2024ई0

पटना आर्थो सर्जिकल, सदभावना नगर, पटना, लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल, राजवंशीनगर, पटना में अस्थि शल्य चिकित्सा में उपयोग में आने वाले इंप्लांट की आपूर्त्ति हेतु चयनित L1 एजेंसी है।

प्रायः यह अनुभव किया जा रहा है कि इनके द्वारा इंप्लांट की ससमय आपूर्त्ति नहीं की जाती है। इसके लिए इन्हे कई बार मौखिक चेतावनी भी दी गई किंतु चेतावनी के बावजूद इनके द्वारा सुधार नहीं लाया जा रहा है।

आज जब पुनः इन्हें दूरभाष पर लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल, राजवंशीनगर, पटना में ससमय इंप्लांट की आपूर्त्ति करने के लिए कहा गया तो इनके द्वारा स्पष्ट कहा गया कि मैं लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल, राजवंशीनगर, पटना में इंप्लांट आपूर्त्त करने में असमर्थ हूँ।

पटना आर्थो सर्जिकल, सदभावना नगर, पटना L1 के रूप में चयनित हुए थे। उनका कर्त्तव्य एवं दायित्व था कि ये लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल, राजवंशीनगर, पटना मे ससमय इंप्लांट्स आपूर्त्त करते जिससे मरीजों की शल्य चिकित्सा ससमय हो पाती।

इनके उक्त लापरवाही के कारण मरीजो की शल्य चिकित्सा ससमय नहीं हो पाई। इसके कारण मरीजों के साथ–साथ चिकित्सकों एवं अस्पताल प्रशासन को भी कठिनाई हुई है।

पटना आर्थो सर्जिकल, सदभावना नगर, पटना को उपरोक्त वर्णित लापरवाही के लिए **काली सूची** में डाला जाता है।

जब तक स्वच्छ संविदा–दर आमंत्रित आपूर्त्तिकर्त्ताओं का चयन नहीं किया जाता तक तक के लिए L2 के रूप में चयनित आपूत्तिकर्त्ता आर्थो सेंटर, अशोक राजपथ, पटना को लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल, राजवंशीनगर, पटना में इंप्लांट आपूर्त्ति करने का आदेश दिया जाता है।

25/4/2024

निदेशक,
लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल,
राजवंशीनगर, पटना।

25/4/24

ज्ञापांक :– 892 / दिनांक :– 25/4/2024ई0

प्रतिलिपि :– पटना आर्थो सर्जिकल, सदभावना नगर, पटना/आर्थो सेंटर, अशोक राजपथ, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– ओ0टी0 ईंचार्ज/ ओ0टी0 को–ऑर्डिनेटर/सभी वार्ड इंचार्ज/सभी संबंधित लिपिक/ सभी संबंधित कर्मचारी/ भंडारपाल, लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल, राजवंशीनगर, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

25/04/2024

निदेशक,
लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल,
राजवंशीनगर, पटना।

25/4/24

Scanned with OKEN Scanner